तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 29 सितंबर 2024

13 पुलिस विभाग ने परसदा ग्राउंड में आयोजित...



14 कुपोषण की स्थिति को सामान्य स्तर पर लाना पहली...





## खबर संक्षेप

### महुआ शराब के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

**महासमुंद**। अवैध शराब बिक्री पर दो जगहों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए बसना थाना पुलिस द्वारा महिला सहित दो लोगों को पकड़ा गया। जानकारी के मुताबिक सरिता साण्डे पति स्व सुशील साण्डे 32 साल साकिन बरबसपुर के कब्जे से एक सफेद रंग के थैला में रखे प्लास्टिक बाटल में 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 800 रूपए को जप्त कर 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार ग्राम जाड़ामुड़ा रोड किनारे देव कुमार सिदार पिता स्व. लाभो सिदार 30 साल साकिन नवाडीह बम्हनी के कब्जे से 25 लीटर कीमती 5 हजार रुपए को जप्त कर उसके खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया।

### पेट्रोल पंप से पैसा जमा करने निकला युवक फरार, शिकायत पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। सीटी कोतवाली थाना क्षेत्र के चाण्डक एण्ड संस पेट्रोल पंप से बैंक में जमा कराने के लिए दिए गए पैसों को लेकर भाग जाने पर रिपोर्ट दर्ज किया गया है। प्रार्थी मुकेश तिवारी सेल टैक्स कालोनी शंकर नगर रायपुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराया है कि शुक्रवार के सुबह 11:30 बजे पेट्रोल पंप का कर्मचारी कोमल कोसरे निवासी गुंडरदेही का पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री रकम 2 लाख रुपए को लेकर आइडीएफसी बैंक महासमुंद जमा करने निकला था, जो कुछ समय बाद वापस नहीं आने पर उसके मोबाईल नंबर पर कॉल किया गया। उसका मोबाईल बंद बता रहा है। उक्त रकम को कोमल कोसरे लेकर भाग गया है। मामले की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 316 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद**। नदी मोड़ घोड़ारी में ट्रक की ठोकर से एक बाइक चालक की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार शाम की है। सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार विरेन्द्र गेन्ड्रे पिता भागवत गेन्ड्रे 28 वर्ष साकिन नांदगांव पारिवारिक काम से मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीबी 9744 से सोनासिल्ली रिश्तेदार के घर गया था, जहां से वापस आने के दौरान घोड़ारी स्थित बाबे दा ढाबा के पास पहुचा था कि विपरित दिशा से आ रही ट्रक क्र. ओडी 07 एएच 3886 का चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मृतक विरेन्द्र गेन्ड्रे के सिर ,कमर में गंभीर चोट लगने से डायल 112 वाहन की मदद से जिला अस्पताल महासमुंद लाया गया, जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक के चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# धान में बालियां निकलते ही हाथियों की धमक, चार दंतैल पहुंचे, बढ़ी दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खरीफ फसल के धान में बालियां आने की शुरुआत होते ही जिले में हाथियों की आमद बढ़ गई है। करीब तीन वर्षो से हाथियों के आतंक से मुक्त हो चुके जिले में पड़ोसी जिलों के जंगलों से हाथियों के आमद से फिर किसानों के लिए आफत आ गई है। सीमवार्ती जिलों से रात को आकर हाथियों का दल रोजाना बालियां निकल चुकी धान की फसलों को रौंद रहें। वहीं, शुक्रवार को गरियाबंद से तीन और दंतैल के आमद से जिले में चार दंतैल हो गए हैं, जिससे जानमाल के खतरों के बीच दहशत बढ़ गई है।

बता दें कि तीन दंतैल गरियाबंद जिले में विचरण कर रहे थे। शुक्रवार की सुबह जिला मुख्यालय से 22 किमी दूर छुरा ब्लॉक के ग्राम सोरिद में फुटु के लिए जंगल की ओर गए 45 वर्षीय कुमार भुंजिया को मौत के घाट उतार दिया गया। ये तीनों दंतैल महासमुंद जिले में प्रवेश कर चुके हैं। इसे सुबह कोना और जिवतरा की पहाड़ियों के पास विचरण करते देखे गए। शाम होते ही ग्राम बोरियाझर, कोसरंगी, सिरगिड़ी, उमरदा, अरंड के जंगलों को पार करते हुए बंजारी और घोंघीबाहरा के पास देखे गए। जिसके रात्रि में एनएच 53 को पार कर सिरपुर जंगल की ओर बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिले में अब चार दंतैल के सक्रिय हो जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। वहीं, वन विभाग ग्रामीणों से ऐतिहातन बरतने की अपील कर रहा है।

### वन विभाग ने मुनादी कर किया अलर्ट

सिरपुर क्षेत्र में चार दंतैल की मौजूदगी के बाद वन अमला द्वारा सर्चिंग कर हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। वहीं, आसपास के ग्राम पिरदा, मालीडीह, बिरबीरा, बांसकुडा गुडरूडीह, कुकराडीह परसाडीह, लहंगर, पीढ़ी, मोहकम, खडसा, सेनकपाट, सिरपुर, फुसेराडीह, छपोराडीह, खिरसाली, केशलडीह, सुकुलबाय, नांदबारूद मुनादी कर अलर्ट करने को कहा है।



### पहले हुआ आमद में एक को कुचला था

मालूम हो कि 16 सितंबर को एमई-तीन दंतैल महासमुंद वन परिक्षेत्र में दाखिल हुआ है, जो वर्तमान में कक्ष क्रमांक 181, 182 और 174 के जंगलों में विचरण कर रहा है। इससे पूर्व अगस्त माह में एम ई 3 दंतैल की गरियाबंद से महासमुंद वन परिक्षेत्र में पहुंच था। इस दौरान 15 अगस्त को ग्राम केशवा निवासी मेघराज चंद्राकर (39) को कुवलकर मौत के घाट उतार दिया था।

## एक दिन पहले वायरल हुए वीडियो पर पुलिस अधीक्षक ने लिया एक्शन

# शराब कोचिए से रिश्वत ले रहे तीन आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध रुप से शराब बेचने के एवज में रिश्वत रहे पुलिस कर्मियों का वीडियो वायरल होने के बाद मामले में पुलिस अधीक्षक ने सरायपाली थाना में पदस्थ तीन आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वायरल वीडियों में सिविल ड्रेस में एक व्यक्ति अवैध शराब बिक्री के लिए रिश्वत लेते नजर आ रहा है। वीडियो में दिख रहे पुलिसकर्मियों की पहचान आरक्षक अंकित कसेरा, रोशन सेठ और ओमप्रकाश टंडन के तौर पर हुई।

बता दें कि शुक्रवार से जिले में पुलिस का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमे सरायपाली थाना का आरक्षक अंकित कसेरा सिविल ड्रेस मे दिख रहा है। वीडियो में एक युवक हाथ में पैसा लिए हुए है और एक महिला बोल रही है कि यहां हर महीने नया टीआई आता है, कितने को मैनेज करेंगे। कुछ दिन पहले भी तो आये थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये वीडियो थाना सरायपाली के ग्राम बालसी के गंगाधर के घर का है, जो कथित तौर पर अवैध शराब की बिक्री करता है। वायरल विडियो के संज्ञान में आने के बाद एसपी आशुतोष सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन आरक्षक अंकित कसेरा, रोशन सेठ, ओम प्रकाश टण्डन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उन्हे रक्षित केन्द्र में अटैच कर दिया है।



### जांच के बाद आएगी वीडियो की सत्यता

इस पूरे मामले एडिशनल एसपी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि वायरल वीडियो मे आरक्षक अंकित कसेरा दिख रहा है। इसलिए एसपी ने संदिग्ध वीडियो होने के कारण तीन लोगो को तत्काल निलंबित कर दिया है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि वीडियो मे जो दिख रहा है, उसकी हकीकत क्या है। जांच मे तथ्य आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यालय में ही गली मोहल्ले में बिक रही शराब

दूर दराज के इलाके तो छोड़िए जिला मुख्लालय में ही गली मोहल्ले में शराब का अवैध कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है। शराब कोचियों पर बढ़ती स्थानीय पुलिस की मेहरबानी के पीछे यहां भी ऐसे ही कारण और लेनदेन होने का अंदेशा जताया जा रहा है। बता दें कि बस स्टैण्ड शराब बिक्री का मुख्य अड्डा बना हुआ है। वहीं फिलहाल घऱों में गरीब तबके के लोगों ने भी इसे बतौर व्यापार चालू कर दिया है। सूत्र बताते हैं कि गली मोहल्ले में रहने वाले गरीब परिवार के लोग सुबह सवेरे शराब खरीद लाते हैं, या शऱाब माफियाओं द्वारा फिक्स कमीशन के तहत आधी रात घर पहुंचा दी जाती है और दिन भर मोहल्ले में ही लोगों को शराब खरीदने की सुविधाएं मिलती रहती हैं।

# जीपीएस के जरिए यात्री बसों की मॉनिटरिंग करने योजना जिले में फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



परिवहन विभाग के निर्देश को बस संचालकों द्वारा ठेंगा दिखाने से जीपीएस के जरिए यात्री बसों की मॉनिटरिंग करने की योजना फेल हो गई है। नई बसों में जीपीएस पहले से ही लगी होती है। लेकिन, पुरानी बसों में अभी भी लग नहीं पाई है। जबकि, बसों की मॉनिटरिंग करने राजधानी रायपुर में कंट्रोल रूम पहले ही बन गया है।

परिवहन विभाग ने जीपीएस के जरिए यात्री बस कहां जा रही है, कितनी स्पीड में चल रही है, इसकी मॉनिटरिंग करने की योजना बनाई थी। इसके अलावा महिला यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से बस में तीन पैनिक बटन का होना अनिवार्य करने की बात भी कही गई थी। वर्तमान में जिले लगभग 250 मिनी बसें विभिन्न मार्गो पर चल रही हैं। इन बसों का मुआयना करने पर पाया कि बसों में यात्रियों के लिए ऐसी कोई सुविधा नहीं है। यहां तक संचालित बसों में इमरजेंसी एक्जिट भी नहीं है। नई बसों में तो पहले से जीपीएस लगे होते हैं, लेकिन पुरानी बसें जो लंबे समय से सड़कों पर दौड़ रही हैं, उनमें जीपीएस नहीं हैं। जिला मुख्यालय से ग्रामीणों क्षेत्रों में जाने वाली अधिकतर बसें खटारा हो गई हैं। इतना ही नहीं, क्षमता से अधिक सवारी बिठाई जाती है। बस में जितनी सीट रहती है, उससे कहीं ज्यादा यात्री खड़े होकर सफर करते हैं। यात्रियों की सुरक्षा का भी ख्याल नहीं रखा जाता। बावजूद इसके परिवहन विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता। बस एसोसिएशन के राकेश चंद्राकर ने बताया कि नई बसें जो आ रही हैं, उनमें पहले से ही जीपीएस लगे होते हैं और पुरानी कई बसों में नहीं लग पाए हैं।

### अन्य बसों पर कर दिया जाता है शिफ्ट

महासमुंद से विभिन्न मांगों पर जाने वाली बस कई बार निर्धारित स्थान तक नहीं जाती है। बीच में ही सवारी उतारकर अन्य बस में शिफ्ट कर दिया जाता है। इससे यात्रियों को सामान उतारने और फिर से चढ़ाने में मेहनत करनी पड़ती है। इसके अलावा परिवार सहित यात्रा करने वालों को परेशानी होती है। कई बार यात्री शिकायत तक नहीं कर पाते हैं।

### कैसे काम करता है जीपीएस सिस्टम

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम यह एक उपग्रह नेविगेशन प्रणाली है। जिसका उपयोग किसी वस्तु की जमीनी स्थिति की पहचान करने के लिए किया जाता है। जिसे यदि वाहनों पर लगाया जाए तो एक निर्धारित सर्वर पर गाड़ी का लोकेशन पता लगाया जा सकता है। इसके अलावा उसकी स्पीड का भी अंदाजा लगाया जा सकता है।

## नगरीय निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी उतारेगी उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि जिले में आगामी नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत के सभी क्षेत्रों में पार्षद, पंच, सरपंच, जिला, जनपद सदस्य के लिए अपने उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी इसके लिए जिलेभर के कार्यकर्ताओं की बैठक जल्द ही महासमुंद में आयोजित की जाएगी। झाबक ने कहा है कि वे कार्यकर्ता ही प्रत्याशी बनाए जाएंगे जो सक्रिय, स्वच्छ छवि के और मिलनसार हो। झाबक ने कहा कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी की घोषणा भी की जाएगी।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों मे मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम भरूवामुड़ा बस स्टैंड के पास जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट करने का मामला सामने आया है।

तेन्दूकोना थाना क्षेत्र के भरुवामुड़ा निवासी प्रार्थी रामनाथ साहू ने तेंदूकोना थाना में शिकायत दर्ज कराई कि शुक्रवार को ट्रेक्टर से खेत जुताई करने गया। तकरीबन 10 बजे गिरधारी साहू निवासी भरूवामुडा मेरे खेत को क्यों जोत रहे हो कहकर अश्लील गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और हाथ मुक्का से मारपीट की। वहीं, पिताम्बर साहू ने बताया कि शुक्रवार को छड़ लेने ग्राम कोल्दा जाने घर से निकला था। बस स्टैंड के पास चचेरा भाई गिरधारी साहू को रामनाथ साहू पिता महेश राम साहू द्वारा गाली गलौच कर रहा था। मना करने पर रामनाथ साहू गुस्से में आकर उसे ही जान से मारने की धमकी देकर डण्डा से दाहिने भुजा के पास मारपीट कर चोट पहुंचाई।

बड़ी मां श्रीमती गीता बाई साहू द्वारा बीच बचाव करने पर उन्हें भी गाली गलौच कर हाथ से मारपीट किया। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ 115(2) , 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

## घर का ताला तोड़ने की बात पर मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम बुन्देली में घर का ताला तोड़ने की बात पर मारपीट के मामले में तेंदूकोना थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। बुन्देली निवासी टिकेश्वर बलिहार ने पुलिस को बताया कि 27 सितम्बर को उसके घर में लगे ताला को बगैर पूछे ओमप्रकाश बलिहार तोड़ दिया, जिसको देख टिकेश्वर ने ताला तोड़ने का कारण पूछा तो अश्लील गाली देते हुए हाथ में रखे डण्डा से मारपीट करने लगा और डण्डा से सिर में मारा, जिससे उसके सिर में चोट लगी है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश बलिहार के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## मछली पकड़ने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नहर में मछली पकड़ने की बात को लेकर तुमगांव थाना अंतर्गत दो पक्षों में मारपीट होने की घटना सामने आई है। जिस पर दोनों पक्षों की ओर से कांउटर रिपोर्ट दर्ज किया गया है। प्रार्थी संतोष ने बताया कि वह और दिनेश यादव, टिकेश्वर यादव के साथ कानून बाहरा के पास नहर में मछली पकडने जाली लगाए थे, जिसे देखने के लिए रात्रि करीबन 10.30 बजे गए। वहां पर तुमगांव निवासी तेजराम धीवर एवं चंदूलाल धीवर मछली पकड़ने के लिए जाल लगा रहे थे, मुझे और मेरे दोस्त को देखकर आरोपियों ने मछली चोरी का आरोप लगाते हुए गालीगलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और डंडा से मारपीट भी की। पुलिस ने आरोपी तेजराम धीवर और चन्दुलाल धीवर के विरुद्ध 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

इधर, दूसरे पक्ष के तेजराम ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि के करीबन 9 बजे चन्दूलाल धीवर और नाना के साथ मछली पकड़ने के लिए कानून बाहरा के पास नहर में जाली लगा रहे थे, उसी समय ग्राम भोरिंग निवासी संतोष साहू, टिकेश्वर यादव, दिनेश यादव आए और बोले कि तुम लोग मछली चोरी करने आए हो कहकर मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए गर्दन को पानी में दबा दिए। पुलिस ने शिकायत के बाद तीनों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## अधिकारियों की दिख रही उदासीनता, गिट्टी व पत्थर भरे रास्ता से आवागमन को मजबूर

# गड्ढे एवं कीचड़ भरे रास्ता से अवागमन कर भविष्य गढ़ रहे स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय से लगे तुमाडबरी मार्ग पिछले आठ सालों से जर्जर अवस्था में है, जिसकी मरम्मत के लिए न तो की अधिकारी ध्यान दे रहा है न ही लोगों के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि रूचि ले रहें। जबकि, इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चे अपने भविष्य गढ़ने स्कूल जाते है। लेकिन, गड्ढे भरे रास्तों एवं बरसात के दिनो में कीचड़ से होकर जाने मजबूर हैं।

सरकार गांवों की सड़कों को शहर से सड़क जोड़ने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन, आज भी जिले में कई ऐसे गांव है, जो जिला मुख्यालय से जुड़े होने के बावजूद विकास से कोसों दूर है। इसी तरह की स्थिति शहर से करीब दो किमी दूर तुमाडबरी जाने वाला मार्ग की बनी हुई है। करीब एक किमी तक कच्ची सड़क पूरी तरह से उखड़ चुकी है। गिट्टी व पत्थर के कारण आवागमन में ग्रामीणों को रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल भी संचालित किए जा रहे हैं, जहां पर रोजाना सैकड़ों बच्चों का आवाजाही होती है। महासमुंद से तुमगांव मुख्य मार्ग से तुमाडबरी के आत्मानंद इंग्लिश स्कूल तक 500 मीटर सड़क निर्माण के लिए शासन से करीब 1.36 करोड़ रुपए स्वीकृत की गई थी। जिसे बाद में रद्द कर दिया गया। तर्क दिया गया कि इस मार्ग में धान से भरे हैवी वाहन गुजरते हैं। सड़क टिक नहीं पाएगी।



### हैवी वाहन के लायक बनाई जाएगी सड़क

इस मार्ग में हमेशा मालवाहक वाहन चलते हैं। बताया जा रहा है कि हैवी वाहन चलने के लिए डिजाइन बनाया जाएगा, जो नेशनल हाईवे की सड़क की तरह रहेगी। डिजाइन अब तक नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण साल 2017 में करीब 63 लाख रुपए की लागत से रोड बनाया जाना था, जिसे रद्द करना पड़ा था।

### मुरुम डालकर कराया जाएगा समतल

मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता चंद्रहास जांगड़े ने बताया कि सड़क बनाने के लिए उच्चाधिकारियों को 2 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है। अभी तक आदेश नहीं मिल पाया है। राशि की स्वीकृति मिलते ही काम शुरु कर दिया जाएगा। फिलहाल, आवाजाही में परेशानी न हों, इसलिए गड्ढों को पाटने के लिए मुरुम डलवाया जाएगा।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

खबर संक्षेप



## सूक्ष्म प्रशिक्षण के तहत बौद्धिक गतिविधियों की जानकारी दी

**बिरकोनी।** बिरकोनी सेक्टर के अंतर्गत 29 आंगनवाड़ी केंद्रों से उपस्थित 29 कार्यकर्ताओं को पर्यवेक्षक अपर्णा श्रीवास्तव द्वारा 28 सितंबर को पोषण माह एवं सक्षम सप्ताह के अवसर पर होने वाले कार्यों के साथ- साथ केंद्र में लर्निंग स्पेस, भोजन, बालगीत पर एक सूक्ष्म प्रशिक्षण की तरह समीक्षात्मक चर्चा का आयोजन किया गया।

## अनुशासन हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण : साहू



**महासमुंद।** ग्राम तोरला में युवा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। क्षेत्र के लोगों की तरक्की के लिए भगवान रामचंद्र से प्रार्थना की। अशवंत तुषार साहू ने संबोधन में कहा ₹अनुशासन₹ - अनु और शासन। अनु का अर्थ है पालन और नियम का अर्थ है शासन। अनुशासन हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, यह हमें नियमों का पालन करना सिखाता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, जो समाज में रहता है और इसमें रहने के लिए अनुशासन की आवश्यकता होती है। अनुशासन हमारी सफलता की सीढ़ी है। हमें नियमों का पालन करना चाहिए, आदेशों का पालन करना चाहिए और व्यवस्थित तरीके से व्यवहार करना चाहिए। हमें अपने दैनिक जीवन में अनुशासन को महत्व देना चाहिए। प्रमुख रूप से डॉ कृष्णा पटेल, कौशल गजेंद्र, भुवन साहू, चेतन ठाकुर, सौरभ लोधी, लोकेश्वर गजेंद्र, होरीलाल कार्यक्रम में अन्य साथी गण उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 1 अक्टूबर को होंगे कई कार्यक्रम

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में आगामी 1 अक्टूबर को स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन में आयोजित किया गया है।
इस कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के लिए मनोरंजन और खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कुर्सी दौड़, मटका फोड़, बकेट बॉल, नींबू-चम्मच दौड़ जैसी गतिविधियां शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के वित्तीय सुरक्षा और संरक्षण पर कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

# सावित्रीपुर में निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया गया



**सांकरा (बसना)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा नवमी के 34 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया जिसे प्राप्त कर छात्राएं प्रफुल्लित हुए। ग्राम पंचायत सावित्रीपुर के सरपंच शिव कुमारी मालिन दास मानिकपुरी द्वारा शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा गया कि शिक्षा ही एक ऐसी रोशनी है जो हर अंधकार को मिटा सकती है शिक्षा से ही हम हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

संस्था के प्राचार्य पी सिदार द्वारा छात्रों को साइकिल वितरण योजना योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम में गोकुलानंद प्रधान, दिलीप प्रधान, प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक एमके तांडी, सरपंच प्रतिनिधि मालिन दास मानिकपुरी, शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य गण, पालक गण, प्राथमिक उच्च प्राथमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समस्त शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# पुलिस विभाग ने परसदा ग्राउंड में आयोजित किया योग फिटनेस कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पुलिस विभाग द्वारा स्थानीय पुलिस लाइन परसदा पुलिस ग्राउंड में योग फिटनेस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया पुलिस विभाग के लिए आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में जिला महासमुंद के विभिन्न ब्लाक के पुलिस बल ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योग की बारीकियों को सीखा। साथ ही ध्यान योग और विशेष प्रकार के व्यायाम द्वारा शरीर को फिट रखने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

वैद्य एवं आयुर्वेदिक सलाहकार रामुलाल साहू के निर्देशन में योग का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें योग प्रशिक्षक के रुप में कराते मास्टर नीलकंठ साहू शेखर साहू, खुशी साहू सहित नीलकंठ कराते स्कूल महासमुंद के योग प्रशिक्षक खिलाड़ी मास्टर ईशान साहू, निकुंज साहू, लेडी ट्रेनर जानिया चतुर्वेदी, चांदनी चतुर्वेदी, ट्रेनर कृष्ण देव बाग, लक्की शिवारे, तुषार डडसेना, आयुष शर्मा, डिंपल गोस्वामी, कोमल बाग, तमन्ना नियति सिदार द्वारा योग की बारीकियों को सिखाया गया। मास्टर नीलकंठ साहू ने बताया कि योग एक ऐसा माध्यम है जो बिना किसी उपकरण के शरीर को फिट और मजबूत बनाकर रखा जा सकता है साथ ही विभिन्न प्रकार की बीमारियों को योग के द्वारा भी ठीक किया जा सकता है कौन सी बीमारी में कौन से योग करना चाहिए महिलाओं को युवतियों को बच्चों को बड़ों को कौन सा योग कितना करना चाहिए इस बात का भी विशेष ध्यान रखना पड़ता है। इसमें ध्यान देने योग्य बात यह भी है की आप जिनसे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वह उस फील्ड में पूर्ण प्रशिक्षित हो क्योंकि अप्रशिक्षित अनुभवहीन प्रशिक्षक से प्रशिक्षण प्राप्त करने से लाभ के बदले हानि हो सकता है पिछले 20 वर्षों से महासमुंद में कराते, कुंगफू वुशु, योगा, मेडिटेशन जुंबा का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

इस अवसर पर प्रतिभा पांडे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महासमुंद, सारिका वैध उप पुलिस अधीक्षक, प्रेम साहू एसडीओपी पिथौरा, अजय शंकर त्रिपाठी एडीओपी महासमुंद, दीप्ति कश्यप आरआई, एएसआ राजेंद्र वर्मा, एचसी माधो राम यादव, नूतन पटेल, देव चंद यादव विशेष रूप से उपस्थित होकर योग की बारीकियों को सीखा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया जा रहा पोषण माह



**महासमुंद।** एकीकृत बाल विकास परियोजना महासमुंद (ग्रामीण) के अंतर्गत सेक्टर लभरा खुर्द के ग्राम मोंगरा में पोषण माह का आयोजन किया गया। पोषण माह का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा हैं जिसका उद्देश्य राष्ट्र को स्वस्थ्य एवं सुपोषित करना है। जिसके तहत जागरुकता फैलाने के लिए 1 से 30 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है।

कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी शकुंतला चक्रवर्ती ने बताया कि परिवार के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य एवं खानपान की संपर्ण जिम्मेदारी माताओं पर होती है वो स्वस्थ्य होगी तभी पूरे परिवार का ध्यान रख पाएगी, इसलिए उन्हें अपने स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने कि अपील की गई एवं स्थानीय सब्जियों एवं मौसमी फलों के फायदे बताए गए। सेक्टर पर्यवेक्षक दीपमाला तारक के द्वारा एनीमिया पर विस्तार से जानकारी देते हुए बचाव के स्थानीय उपायो को बताया गया एवं 0-6 वर्ष तक के बच्चो के पोषण स्तर पर भी माताओं को विस्तार से जानकारी दी गई।

उक्त शिविर में गोद भराई, अन्नप्राशन एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सेक्टर लभराखुर्द कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदमनी ध्रुव, भारती चंद्राकर, शमा साहू एवं सहायिका सावित्री साहू, लक्ष्मी विश्वकर्मा, अमरौतिन यादव को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में गांव की सरपंच सरिता साहू, रीना साहू, रीना धीवर, सभी पंच गण, ग्रामवासी एवं सेक्टर लभरा खुर्द की समस्त कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सेक्टर पर्यवेक्षक दीपमाला तारक के द्वारा किया गया।

# हेल्थ कैंप एवं पॉजिटिव पेरेंटिंग प्रोग्राम का आयोजन



**महासमुंद।** उड़ान आर्थिक-सामाजिक विकास संस्थान द्वारा गुड शेफर्ड स्कूल में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद के सहयोग से हेल्थ कैंप का तथा नर्सरी बच्चों के मदर्स के लिए पॉजिटिव पेरेंटिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप का शुभारंभ उड़ान संस्था के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे द्वारा मुख्य अतिथि वरिष्ठ शासकीय स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अलका परदल को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। स्वागत की इस कड़ी में डा.शकुंतला बरिहा वरिष्ठ श्रेणी चिकित्सा अधिकारी का स्वागत प्राचार्य एम श्रीनिवास राव द्वारा तथा डॉली शर्मा द्वारा डॉ पूजा साहू जूनियर रेसिडेंट शिशु रोग विभाग का स्वागत किया गया। डॉ अलका परदल ने पाज़िटिव पैरेंटिंग प्रोग्राम में बच्चों के समग्र शारीरिक विकास एवं शिशु पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। हेल्थ कैंप में डॉ परदल ने महिलाओं एवं बालिकाओं को स्त्री रोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी एवं सावधानियों की जानकारी दी एवं कहा कि महिलाओं को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए और नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए। कैंप में लगभग 170 महिलाओं एवं 80 बालिकाओं ने भाग लिया। कैंप में स्त्री रोग संबंधी समस्याओं का समाधान, महिलाओं एवं बालिकाओं को होने वाली स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों के निवारण हेतु सलाह, रक्तचाप परीक्षण, शुगर टेस्ट, के साथ साथ आवश्यक निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराया गया। डॉ जार्ज रावटे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं एवं बालिकाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे क्योंकि वे ही परिवार का आधार हैं। इस शिविर में शासकीय चिकित्सा विभाग के बसंत धृतलहरे, विनोद महोबिया एवं आत्माराम साहू ने अपना योगदान दिया। नर्सरी में पाज़िटिव पैरेंटिंग प्रोग्राम की संचालिका एवं प्रमुख वक्ता संस्था की प्रधानपाठक मिताली गुरुंग थीं।

## नवोदय परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पटेवा के प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खट्टा के प्रधान पाठक ओम नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में पटेवा जोन के अंतर्गत नवोदय विद्यालय प्रवेश हेतु निःशुल्क कोचिंग क्लास का आयोजन किया जा रहा है। जोन केंद्र पटेवा में चार संकुल केंद्र बन पचरी, रायतुम, खट्टा एवं पटेवा के 50 बच्चे निशुल्क अध्यापन का लाभ ले रहे हैं। पालक बच्चों को केंद्र तक लाने ले जाने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कक्षा शनिवार और रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में 11:30 बजे से 1:30 बजे तक लगाया जा रहा है। निः शुल्क नवोदय कोचिंग क्लास में अध्यापन कराने वाले शिक्षक योगेश निर्मलकर, घनश्याम यादव, नरेश्वर डडसेना, कोमल दीवान, रविकांत गोस्वामी, मनोज सेन, ओम प्रकाश साहू, अंजू धुर्वे, रामकृष्ण ठाकुर, दुलारी चंद्राकर, लोकेश्वरी ध्रुव अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

शोक संदेश
यदा सत्त्वे प्रवृद्धे तु प्रलयं याति देहभृत्। तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते।।
जिस समय सत्वगुण बढ़ा हो उस समय यदि देहधारी मनुष्य शरीर को त्यागता है, तो वह उत्तमवेत्ताओं के निर्मल लोकों में जाता है।
आपका स्नेहिल सरल व्यवहार, अथक परिश्रम, धार्मिक रचनात्मक प्रवृत्ति अपनी जिम्मेदारियाँ निःस्वार्थ भावों से जीवन मूल्यों एवं जिंदा दिल व्यक्तित्व हमें हमेशा प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।



स्व. श्री देवशरण राव घाड़गे
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति श्री देवशरण राव घाड़गे जी का स्वर्गवास दिनांक 17.09.2024 दिन- मंगलवार को हो गया है।
दिव्य आत्मा की शान्ति के लिए तेरहवीं भोज 1:00 बजे निवास स्थान- शंकर नगर में तय हुआ है।
तेरहवीं कार्यक्रम दिनांक - 29.09.2024 दिन- रविवार
कार्यक्रम स्थल- शंकर नगर वार्ड नं. 01, बावली के पास, सीमा गली, महासमुन्द
शोकाकुल परिवार
विमला बाई, पुष्पा, यशवंत, राजेन्द्र, डालेश्वर, विजय, गोपाल, अभिषेक, बलराम, कृष्णा, रेशु-रवि, निशु-मुकेश, रानी-देवानंद (बेटी-दामाद) एवं समस्त घाड़गे परिवार...
विनीत
श्रीमति शोभा घाड़गे (पत्नि)
श्री दुष्यंत- रोहिणी घाड़गे (पुत्र-पुत्रवधु)
मो. 9617656070, 7587089985



## खबर संक्षेप



### सदस्यता अभियान के लिए किया गया जनसंपर्क

**महासमुंद**। पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर नयापारा क्षेत्र के बूथ 186 में उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मोर बूथ मोर अभियान के तहत घर-घर जनसंपर्क कर सदस्यता का महाभियान के अवसर पर बूथ के सदस्यता प्रभारी, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रलय थिटे, मंडल टोली सदस्य वरिष्ठ पार्षद मीना वर्मा, संदीप घोष, किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य प्रेम चंद्राकर, मंडल महामंत्री एम आर विश्वनाथन, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, बूथ अध्यक्ष भगवती करकसे, सुनीता साहू, सारिका यादव, ललित मांझी सहित स्थानीय बूथ समिति सदस्य और नागरिकगण उपस्थित रहे।

### मंदिर में भागवत कथा सप्ताह 3 अक्टूबर से

**नर्रा**। शारदीय क्वांर नवरात्र पर ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी पर निर्माणाधीन मां वैष्णो देवी मंदिर व परिसर में 3 अक्टूबर से नवरात्र कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है। साथ ही श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन भी किया गया है। कथा वाचक पं. धनंजय तिवारी भानपुर वाले होगें कथा रसपान दोपहर एक बजे से पांच बजे तक होगा। 3 अक्टूबर 2024 दिन गुरुवार को वेदी कलश स्थापना। 4 अक्टूबर दिन शुक्रवार को भगवान विष्णु गौ करण पूजा 24 अवतार राजा परीक्षित जन्म। 5 अक्टूबर शनिवार को वराह अवतार शिव पार्वती विवाह, 6 अक्टूबर रविवार को भरत चरित्र प्रहलाद चरित्र, 7 अक्टूबर सोमवार को वामन अवतार राम कृष्ण अवतार, 8 अक्टूबर दिन मंगलवार को भगवान की बाल लीला, रास लीला, 9 अक्टूबर बुधवार को श्रीकृष्ण रूखमणि विवाह, 10 अक्टूबर दिन गुरुवार सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष एवं शोभा यात्रा, गीता हवन पूजन, प्रसादी समापन होगा।

# कुपोषण की स्थिति को सामान्य स्तर पर लाना पहली प्राथमिकता: कलेक्टर लंगेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

## प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र सक्षम होः योगेश्वर



जिले में पोषण माह के अंतर्गत "सक्षम सप्ताह" का आयोजन 24 से 30 सितंबर तक किया जा रहा है। शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल के सभागार में शहरी परियोजना के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें विविध व्यंजन, प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर आंगनबाड़ी केंद्र सक्षम हो। इन आंगनबाड़ी केंद्रों को अधिक से अधिक जनसमुदाय के साथ जोड़ा जाए।

उन्होंने कहा कि जिस तरह बच्चों के लिए मां प्रथम गुरु होती है उसी तरह आंगनबाड़ी केंद्र शिक्षा का पहला केंद्र है। यहां बच्चे शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में सही मायने में जागरूक होते है। इसमें आंगनबाड़ी केंद्रों महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने आज के कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज यहां विविध आयोजन देखकर खुशी हो रही है। उन्होंने कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती मां के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में आंगनबाड़ी केंद्र स्वास्थ्य और पोषण का प्रथम सीढ़ी है। यहां बच्चे न केवल बच्चे सुपोषित होते है बल्कि खेल-खेल में शिक्षा भी प्राप्त करते हैं। उन्होंने पोषण माह अंतर्गत किए गए गतिविधियों का शासन के पोर्टल में एंट्री के लिए बधाई देते हुए कहा कि पूरे राज्य में महासमुंद जिला प्रथम स्थान पर है। जिसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम बधाई के पात्र हैं। कलेक्टर ने कहा कि हमारे सामने कुपोषण की स्थिति को शून्य करने की चुनौती है जिसे हमारे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं अवश्य पूरा करेंगे। इस अवसर पर दो बच्चों का अन्नप्राशन एवं दो महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# यादव समाज ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रखी अपनी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



रायपुर स्थित मुख्य मंत्री निवास में छत्तीसगढ़ी यादव समाज के प्रमुखों ने डॉ. सोमनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष यादव समाज राजनितिक प्रकोष्ठ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर आठ सूत्रीय मांग का पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री साय ने यादव समाज की मांगों पर उचित और ठोस कार्रवाई करने का आश्वासन दिए। इस अवसर पर यादव समाज द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राउत जैकेट, खुमरी पहनाकर, शॉल, लाठी, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो लाखों की संख्या में छत्तीसगढ़ के नगर और गावों में निवासरत यादव समाज छत्तीसगढ़ की संस्कृति तथा गौरवशाली परंपराओं के संरक्षण में महती भूमिका निभा रही है पर समाज की वर्षो से कुछ बिंदु पर सरकार से मांग रही है जिस पर आज तक निराकरण नहीं हो पाया है जैसे कि छत्तीसगढ़ की पुरातन संस्कृति राउत नृत्य और बांस गीत गाथा के दोहा और गीत गाथा को संरक्षित करने हेतु अकादमी का गठन की जाए, और समाज के बुजुर्ग कलाकारों को कला प्रोत्साहन राशि दी जाए। उसी तरह वन क्षेत्र में निवासरत यादव परिवारों को आज भी वन विभाग द्वारा पट्टा नही दी गई है वही आए दिन राजस्व, पुलिस और वन विभाग द्वारा किसी न किसी बहाने परेशान किया जा रहा है जिसे रोका जाए और यादव बंधुओं पर की गई कानूनी कार्रवाई को वापस लिया जाए। समाज की यह भी मांग है कि छत्तीसगढ़ में जनसंख्या अनुपात के अनुसार यादवों को सरकार के विभिन्न निकायों में भागीदारी सुनिश्चित की जाए और आगामी दिनों में होने वाले नगर निकाय, जिला पंचायत चुनाव में भाजपा से जुड़े यादवों को महापौर, अध्यक्ष, सदस्य, पार्षद की टिकट दिया जाए, या मनोनयन की जाए।

उसी प्रकार राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के केंद्रीय सूची में क्रमांक एक में यादव, राउत के बाद रावत को जोड़ने के लिए राज्य सरकार तुरंत कार्रवाई करे। केंद्रीय सूची में ₹रावत₹ नहीं जुड़े होने के कारण छत्तीसगढ़ यादव समाज के लाखों युवाओं को, केंद्रीय शिक्षा और रोजगार में बहुत परेशानी हो रही है। मांग पत्र में यह भी है कि गोठानों में उसी गांव के यादव बंधुओं जो कि गाय चराने का कार्य करते है को गोसेवक के रूप में नियुक्त कर हर माह मानसेवी राशि दी जाए। वही लावारिस गाय, बछड़ा, बैल, भैंस की देखभाल हेतु प्रत्येक जिला में अभ्यारण्य बनाई जाए और उन्हें वहां रखा जाए उनकी चारा पानी, इलाज की सुचारू व्यवस्था की जाए। साथ ही गोपालक यादव परिवार को दुग्ध व्यवसाय हेतु एक प्रतिशत ब्याज पर दस लाख तक की सहकारी बैंकों से ऋण दी जाए जिसका नियम कानून सरल हो ताकि हर यादव परिवार जो दुग्ध व्यवसाय कर रहे हो उन्हे इसका लाभ मिल सके। छत्तीसगढ़ यादव समाज की यह भी मांग है कि डेयरी संचालित व्यवसायी अपने हिसाब से रेट निर्धारित कर यादवों से दूध खरीदते हैं और यादवों से क्रय दूध को दोगुने दामों में बिक्री कर देते है, 30 रुपए में खरीद कर 60 रुपए में बेचकर बिचौलिए दोगुना मुनाफा कमा रहे है, जबकि दाना, चारा और अन्य व्यवस्था सभी महंगी हो गई है और यादवों को विशेष रूप से कुछ फायदा नहीं हो रहा है पर दूसरा धंधा नहीं होने और वंशानुगत कार्य होने के कारण मजबूरी में गोपालन कर रहे हैं। इन आठ सूत्रीय मांग पत्र रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर संभाग के प्रमुख पदाधिकारीगण की उपस्थिति में मुख्य मंत्री को सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल में भगत सिंह यादव, प्रीतम यादव, अलखराम यादव, एस डी यादव, माधव यादव, जनक राम यादव, श्रीराम सीरिया यादव, संतोष यादव, रामशरण यादव, शिवशंकर यादव, अशोक यादव, राजेश यादव, सूरज यादव, जमुना यादव, शिवनाथ यादव, रामअधार यादव, दुर्गा यादव, दिलीप यादव, निरंजन यादव, जीतू यादव, श्रेयश यादव, हर्ष यादव, हर्षहिंद यादव, शेखर यादव, सतीश यादव प्रमुख थे।

## शहीद भगत सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में भारत देश की आजादी के अपने प्राण का बलिदान देने वाले सच्चे सपूत अमर शहीद भगत सिंह को जयंती पर नमन किया गया। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, जया चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा भगत सिंह ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सबसे एक ऐसे व्यक्तित्व थे और भगत सिंह ने तेरह साल की उम्र में स्कूल छोड़ दिया और छोटी उम्र से ही भारत की आजादी की लड़ाई में शामिल हो गए। जब भगत सिंह साम्यवादी और समाजवादी सिद्धांतों के प्रबल समर्थक थे।




